दैनिक
# न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, शनिवार 16 मार्च 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### दुर्ग में पकड़ाए लूटेरे बाप-बेटे रायपुर में भी कई वारदातों में रहे है शामिल

**रायपुर पुलिस ने किया खुलासा**

रायपुर (आरएनएस)। दुर्ग जिले में 9 लाख रूपये के लूटपाट मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी बाप-बेटे राजधानी रायपुर के भी कई वारदातों में शामिल रहे है। इसका खुलासा राजधानी पुलिस ने आज प्रेसवार्ता में किया है। मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का नाम देवीप्रसाद बसोर व उसका पुत्र मनीष बसोर निवासी भिलाई है। आरोपियों ने उत्तरप्रदेश के गैंग के साथ मिलकर राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में सराफ व्यवसायी अनिल सोनी और डीडीनगर में जसराज सोनी को गोली मारकर नकदी सहित सोने-चांदी के जेवर लूट लिए थे।

### व्यापमं की विभिन्न परीक्षाओं के लिए समय-सारणी जारी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश परीक्षाओं की ऑनलाइन आवेदन एवं परीक्षा तिथि घोषित कर दी है।

व्यापमं से मिली जानकारी के अनुसार पीईटी (इंजीनियरिंग डेयरी, टेक्नॉलाजी, एग्रीकल्चर टेक्नॉलाजी) की परीक्षा 02 मई को आयोजित की जाएगी। इसके लिए 19 मार्च से ऑनलाइन आवेदन शुरू होगा और 07 अप्रैल को समाप्त होगा। इसी तरह पीपीएचटी की परीक्षा 02 मई को आयोजित होगी इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 26 मार्च से 14 अप्रैल के बीच जमा करना होगा। प्री-एमसीए की परीक्षा 09 मई को ऑनलाइन आवेदन 26 मार्च से 14 अप्रैल तक, पीपीटी की परीक्षा 30 मई को ऑनलाइन आवेदन 29 मार्च से 21 अप्रैल के मध्य, प्री-बीएड की परीक्षा 07 जून को ऑनलाइन आवेदन 05 अप्रैल से 26 अप्रैल के मध्य, प्री-डीएलएड परीक्षा 07 जून को ऑनलाइन आवेदन 05 अप्रैल से 28 अप्रैल के मध्य, प्री-बीएससी नर्सिंग परीक्षा तिथि 16 जून ऑनलाइन आवेदन 09 अप्रैल से 05 मई के मध्य, प्री-बीए, बीएड, बीएससी, बीएड परीक्षा तिथि 16 जून ऑनलाइन आवेदन 09 अप्रैल से 05 मई के मध्य, एमएससी-नर्सिंग की परीक्षा 23 जून को तथा ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 09 अप्रैल से 05 मई के मध्य तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षा 23 जून को आयोजित होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 09 अर्पैल से प्रारंभ होकर 05 मई के मध्य पूरी करनी होगी।

### होली के चलते शराब की बिक्री में हुआ इजाफा, कीमत से अधिक वसूली हो रही

**मांगे गए ब्रांडों की जगह अन्य ब्रांड टिका रहे, आपत्ति करने पर ग्राहकों को करना पड़ रहा दुर्व्यवहार का सामना**

रायपुर (आरएनएस)। होली के कारण इन दिनों शहर की शराब दुकानों में जहां बिक्री में इजाफा हुआ है वहीं सरकारीकरण के चलते शराब दुकानों में नियुक्त सेल्समैन इच्छुक ब्रांड न देकर ग्राहकों को गुमराह कर रहे हैं। पौवा में दस रुपए अध्धा में 30 रुपए और बंफर में 50 रुपए की अधिक वसूली की जा रही है। ग्राहकों द्वारा आपत्ति करने पर सेल्समैन दुर्व्यवहार कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि आबकारी मंत्रालय द्वारा शराब बिक्री पर रसीद दिया जाना अनिवार्य किया गया है। बावजूद इसके ग्राहकों को रसीद नहीं दी जाती बल्कि निर्धारित कीमत से अधिक की वसूली की जाती है।

### मातृ-शिशु अस्पताल में पास से मिलेगा प्रवेश

बिलासपुर (आरएनएस)। मातृ-शिशु अस्पताल में भर्ती महिलाओं व उनके नवजात की सुरक्षा के लिए प्रबंधन ने नया निर्णय लिया है। इसके तहत शाम छह बजे के बाद पासधारी परिजन ही अंदर प्रवेश कर सकेंगे।

### गोल्ड फेमिली सेलून में पुलिस ने मारा छापा, सेक्स रेकेट पकड़ाया

**मौके पर पांच युवतियां एक दलाल और दो ग्राहक पकड़ाए**

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर के पाश इलाके में ब्यूटी पार्लर की आड़ में चल रहा सेक्स रेकेट शहर के लिए परेशानी का सबब बना। सूत्रों के अनुसार शंकर नगर के गोल्ड फेमिली सैलून में कई दिनों से संदिग्ध लोगों की आवाजाही हो रही थी। सिविल लाइंस थाना स्टाफ की नजर भी सैलून में चल रही गतिविधियों पर लगी हुई थी अंततः गुरुवार रात को पाइंटर बनाकर गोल्ड फेमिली सैलून में पुलिस ने भेजा पाइंटर से संकेत मिलते ही पुलिस टीम ने अचानक पहुंचकर छापे मारी कर मौके पर मौजूद पांच युवतियों एक सेक्स रेकेट दलाल और दो ग्राहकों सहित सात लोगों को आपत्तिजनक स्थिति में पाकर तत्काल गिरफ्तार किया।

### डीआरजी के जवान ने अपने सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

सुकमा (आरएनएस)। सुकमा से एक बड़ी खबर आ रही है, यहां आज सुबह 8:50 बजे डीआरजी के जवान ने अपने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। करीब 25 मिनट के बाद घायल डीआरजी के जवान ने अंतिम सांस ली। है। आत्महत्या के कारण अज्ञात हैं पुलिस जांच में जुट गई है।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर किरायेदार ने किया मकान पर किया कब्जा

**शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया**

रायपुर (आरएनएस)। शहर के अश्वनी नगर इलाके में एक किराये के मकान में रहने वाले लोगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार करा कर उक्त मकान और उसमें लगे विद्युत मीटर को अपने नाम कराकर कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

## रेत माफियाओं का दबाव सरपंच ने लगाई फांसी

बिलासपुर (आरएनएस)। बेलगहना चौकी के छतौना निवासी सरपंच ने बुधवार रात गांव के तालाब के पास स्थित पेड़ पर जीआइ तार से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट मिला है जिसमें रेत माफिआओं के नाम का जिक्र करते हुए उनके दबाव के साथ सरपंच ने अपना दर्द बयां किया है। कोटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छतौना के सरपंच संत कुमार पैकरा पिता इतवार सिंह (38) बुधवार रात करीब आठ बजे घर से बिना बताए कहीं निकल गया। इस दौरान वह खाना भी नहीं खाया था। लिहाजा रात में परिजन उसकी पतासाजी करते रहे। गुरुवार सुबह भी परिजन ने उसकी तलाश शुरू कर दी।

इस बीच सुबह ग्रामीणों ने उसकी लाश को गांव के ढोढ़ी तालाब के पास पेड़ में लटकते देखा। इस घटना की सूचना उनके परिजन को मिली। खबर मिलते ही परिजन भी वहां पहुंच गए। तब तक वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई थी।

सरपंच की लाश मिलने की खबर मिलते ही बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह मौके पर पहुंच गए। सरपंच जीआइ तार के सहारे फंदे पर झूल रहा था। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। पंचनामा के दौरान उसके पास से डेढ़ पेज का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने रेत माफिआओं के दबाव का जिक्र करते हुए अपनी मौत का दर्द लिखा है। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### घर में भी छोड़ा था सुसाइड नोट

सरपंच संत कुमार नेताम रेत माफियाओं से त्रस्त हो गया था। शायद यही वजह है कि उसके मन में डर था कि उसकी दुनिया छोड़कर जाने के बाद रेत माफिया व इससे जुड़े लोग उसकी पत्नी व परिजन को परेशान कर सकते हैं। आत्महत्या करते समय उसे सुसाइड नोट गायब होने की आशंका थी।

यही वजह है कि उसने अपने घर में भी सुसाइड नोट छोड़ा था। दोनों पत्र में एक ही तथ्यों का उल्लेख है। पत्र में रकम लेनदेन का उल्लेख किया गया है।

इसके साथ ही उस पर दबाव बनाकर परेशान करने वाले रेत माफिआओं में हरीशचंद सोनी, अजय ठाकुर, राजकुमार, वरुण सिंह, अनवर खान, वादिर खान, सुमन सिंह वगैरह के नाम हैं।

### रेत माफियाओं में भाजपा-कांग्रेस नेता भी शामिल

मृतक की पत्नी को पति की मौत की खबर मिली तो वह सदमे में आ गई। इस दौरान उसने घर में पत्रे में सुसाइड नोट को देखा। इसमें जिन लोगों के नाम लिखे हैं उनमें भाजपा-कांग्रेस नेता भी शामिल हैं।


## फिल्म एक्टर्स से तीन लाख रूपये की ठगी

गाजियाबाद (आरएनएस)। गाजियाबाद की रहने वाली अलीशा खान पिछले लंबे समय से मुंबई में स्ट्रगल कर रही है। कुछ फिल्में उन्होंने की थी जो ज्यादा कुछ खास नहीं कर पाई। इसी वजह से फाइनेंसियल क्राइसिस से अलीशा खान जूझ रही हैं। बीते कुछ सालों में उनकी एक फिल्म इमरान हाशमी के साथ भी रिलीज हुई थी। फिलहाल मुंबई में छोटे-छोटे असाइनमेंट कर रही अलीशा खान को किसी बड़े ब्रेक की तलाश है। इसी बीच आरोप है की एक डायरेक्टर ने उनसे म्यूजिक एल्बम बनाने के नाम पर 3 लाख रुपये ठग लिए हैं। म्यूजिक एल्बम के नाम पर लिया पैसा दरअसल ये रुपये एडवांस के तौर पर लिए गए थे और आरोप है कि अलीशा से कहा गया था कि एक म्यूजिक एल्बम तैयार की जाएगी मगर म्यूजिक एल्बम तैयार नहीं हो पाई और इस बीच अलीशा बाकी के रुपये भी अरेंज नहीं कर पाई। ऐसे में डायरेक्टर ने पेशगी के तौर पर दिए गए 3 लाख रुपये भी लौटाने से इंकार कर दिया। इसी वजह से उन्होंने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। यह डील गाजियाबाद में ही साइन हुई थी अलीशा खान ने गाजियाबाद के थाना कोतवाली घण्टाघर में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में अलीशा खान ने सुनील दत्त नामक वीडियो डायरेक्टर पर 3 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है।




## डूबते सूर्य का करा दिया 'सूर्य नमस्कार'

बिलासपुर (आरएनएस)। नगर निगम के इंजीनियरों की मानें तो सूर्य पूर्व से नहीं बल्कि पश्चिम दिशा से उगता है। यकीन न हो तो लिंक रोड आइजी तिराहा के पास निगम द्वारा सूर्य नमस्कार करते हुए लगाई गई 12 मूर्तियों को देख सकते हैं। सभी डूबते सूर्य को नमस्कार कर रही हैं। जब गलती का एहसास हुआ तो मूर्तियों के सामने छोटा सा सूर्य भी बना दिया गया, जिससे कहा जा सके कि मूर्तियां इस सूर्य का नमस्कार कर रही हैं। सौंदर्यीकरण के साथ ही लोगों को योग की एक मुद्रा सूर्य नमस्कार का तरीका समझाने के लिए लिंक रोड पर 21 लाख रुपये की लागत से मूर्तियां लगाई गई हैं। जिस जगह पर मूर्तियां लगी हैं वहां एक ओर पश्चिम दिशा है और दूसरी ओर पूर्व दिशा। सूर्य नमस्कार उगते सूर्य का किया जाता है। मतलब मूर्तियों का चेहरा पूर्व दिशा की ओर रखना था, लेकिन उसे लगाते समय इंजीनियर भूल गए कि सूर्य उगता किधर से है। नतीजतन उन्होंने डूबते सूर्य का नमस्कार करते हुए मूर्तियां खड़ी कर दी। इस अचंभित कर देने वाले कारनामे को जो भी योग के जानकार देखते हैं, वे भी ठिठके बिना नहीं रहते।



### केवल मूर्ति की दिशा बदलनी थी

नगर निगम ने जिस कोने में मूर्ति लगाई है, वहां पूर्व या पश्चिम दिशा की तरफ चेहरा किए हुए मूर्तियां लगाई जा सकती थी।

## राइट टू हेल्थ स्कीम के लिए कांग्रेस गंभीर : राहुल गांधी

रायपुर (आरएनएस)। चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए चिकित्सा शिक्षा को भी बेहतर बनाना होगा। आमजनों तक बेहतर चिकित्सा सुविधा किस तरह से पहुंचे? इसके लिए हम सब को मिलकर प्रयास करना होगा। उक्त बातें आज राजधानी रायपुर में आयोजित यूनिवर्सल हेल्थ वर्कशाप में शामिल होने पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने की।

वर्कशॉप में काफी कम समय के लिए पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस विषय पर उपस्थितजनों से राय-शुमारी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस महत्वपूर्ण विषय को अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी। श्री गांधी ने कहा कि संसाधनों को मजबूत करने और चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के वे पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना को लागू करने के लिए बजट का प्रावधान किया जाना सबसे जरूरी है। बिना बजट के कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा को और बेहतर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधा को मजबूत बनाने के लिए चिकित्सा शिक्षा को बेहतर बनाने पर काम होना चाहिए, छात्रों को बेहतर माहौल और बेहतर शिक्षा मिलेगी तो निश्चित रूप से इसका लाभ आगे चलकर मिलेगा।



## यूनिवर्सल हेल्थ स्कीम : भाजपाईयों के पेट में दर्द क्यों- शैलेष नितिन

**यूनिवर्सल हेल्थ स्कीम के आयोजन पर भाजपा के सवालों पर कांग्रेस का पलटवार**

रायपुर (आरएनएस)। यूनिवर्सल हेल्थ स्कीम के आयोजन पर भाजपा के द्वारा उठाए गए सवालों पर करारा जवाब देते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री और संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए इलाज में गरीबों के लगने वाले पैसे को कम करने के लिए और पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ और खासकर आदिवासी इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए किए गए आयोजन पर भाजपा के द्वारा उठाए गए सवाल भाजपा की गरीब विरोधी, विकास विरोधी मानसिकता को उजागर करते हैं। जब-जब कोई जनहित की बड़ी पहल होती है तो भारतीय जनता पार्टी को पेट में दर्द होने लगता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट का 3 प्रतिशत और शिक्षा के क्षेत्र में 5 प्रतिशत राशि खर्च करने की कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की घोषणा से भाजपा घबरा गई है और बौखला गई।



## सन्दिग्ध अवस्था में मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

बिलासपुर (आरएनएस)। शुक्रवार तड़के पन्ना कॉलोनी में युवक की खून से लाश मिली, रिंग रोड क्रमांक 2 के पन्ना कॉलोनी में औंधी पड़ी लाश लोगो ने देखी, और इसकी सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो पता चला, लाश मिनोचा कॉलोनी में रहने वाले 25 वर्षीय शुभम केशरवानी की है। शुभम बीती रात अपने दोस्तों के साथ घूमने निकला था और रात को घर नहीं लौटा।

## हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से लगी आग, पांच एकड़ गन्ना जला

रेउसा सीतापुर (आरएनएस)। हाई टेन्शन विद्युत तार के टूटकर गिरने से गन्ने के खेत में लगी आग से तीन किसानों की पांच एकड़ गन्ने की फसल जल गई। बृहस्पतिवार को क्षेत्र के बम्हनावा गांव निवासी पूर्व प्रधान राजकिशोर के खेत के पास से निकली विद्युत लाइन का तार टूटकर उनके गन्ने के खेत में गिर गया।

## प्रत्याशी को अपराधिक मामलों पर पहले ही देनी होगी जानकारी- डीएम

गाजियाबाद (आरएनएस)। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर गुरूवार को जिलाधिकारी रितु माहेश्वरी ने जिलामुख्यालय के सभागार में एक प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। तत्पश्चात उन्होंने आरडबलूए के पदाधिकारियों से भी वार्ता कर ईवीएम के संचालन व चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी ने बताया कि 18 मार्च सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरु हो जाएगी जो कि 25 मार्च तक चलेगी। अवकाश के दिनों में यह प्रक्रिया बंद रहेगी। 28 तारीख तक ही प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार जिले में कुल 27 लाख के करीब मतदाता है। मतदान के लिए कुल 694 मतदान केंद्र व 3033 बूथ बनाए गए है। जिसके लिए चार सेक्टर मजिस्ट्रेट व 29 जोनल मजिस्ट्रेट बनाएं गए है। इसबार जिले भर के दिव्यांगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिले भर से कुल 6 हजार 419 दिव्यांगों को मतदान दिलाने के लिए उचित सुविधाएं दी जाएगी। जिसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गयी है।

**पोलिंग बूथ पर दिव्यांगो के लिए होगी व्हीलचेयर की व्यवस्था**


## सेल्फी के जुनून में जलप्रपात से गिरकर एक की मौत, दूसरा घायल

दन्तेवाड़ा (आरएनएस)। सेल्फी के चक्कर में तामेश्वर जलप्रपात देखने गए एक युवक की मौत हो गयी वहीं दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। गीदम ब्लाक के तुमनार गांव के तीन दोस्त सुभरनाथ, सनित और तामेश्वर बाइक से गुरुवार को कुआकोंडा ब्लाक के फूलपाड़ झरने में पहुंचे हुए थे। जहाँ वे झरने के ऊपरी हिस्से में मोबाइल से फोटो खिंचवा रहे थे।

तभी सुभरनाथ और सनित झरने की बीच धार पर खड़े होकर तामेश्वर से फोटोशूट करवाते वक्त पैर फिसलते ही दोनों झरने के नीचे जा गिरे। इतना देखते ही झरने के नीचे गिरे दोस्तो को बचाने के लिए तामेश्वर ने पहले कोशिश की फिर संजीवनी 108 पर कॉल कर दिया।

## आयुषमान खुराना का भाई हूं जानकर चौंक जाते हैं लोग: अपारशक्ति

फिल्म लुका छुपी में नजर आए अभिनेता अपारशक्ति खुराना ने बताया कि उन्हें विश्वास नहीं होता है कि बहुत से लोग नहीं जानते कि वह आयुषमान खुराना के भाई हैं। जब लोगों को पता चलता है कि हम दोनों भाई हैं तो लोग चौंक जाते हैं। जब कभी लोग मिलते हैं तो स्त्री के बिट्टू या दंगल के ओमकार नाम से बुलाते हैं। 31 साल के अपारशक्ति ने अपना करियर रेडियो जॉकी और टीवी एंकर से शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने 2016 में आई आमिर खान की हिट फिल्म दंगल से फिल्मी करियर की शुरुआत की। इसके बाद अपारशक्ति ने बद्रीनाथ की दुल्हनिया, स्त्री जैसी फिल्मों में काम किया। उनके भाई आयुषमान खुराना ने 2012 में बतौर लीड एक्टर विक्की डोनर पहली फिल्म की थी जबकि, अपारशक्ति ने फिल्मों सपोर्टिंग रोल किए है लेकिन वह इसके साथ खुश हैं। अपारशक्ति का कहना है कि बॉलिवुड स्टार के बच्चों या भाइयों के करियर की लॉन्चिंग अधिकतर लीड रोल में होती है।



## सुपरमैन वाले अंदाज में दिखे जंगली स्टार विद्युत जामवाल

बॉलिवुड ऐक्टर विद्युत जामवाल की अगली फिल्म जंगली को इस महीने 29 मार्च को रिलीज़ हो रही है। रिलीज़ से पहले ऐक्शन स्टार विद्युत जामवाल इस फिल्म की दोनों ऐक्ट्रेसेस पूजा सावंत और आशा भट्ट के साथ अपनी फिल्म जंगली का प्रमोशन करते नजर आए। विद्युत जहां किसी सुपरमैन की तरह दिख रहे थे वहीं ऐक्ट्रेसेस काफी ग्लैमरस दिख रही थीं। बता दें कि इस फिल्म में एक बार फिर विद्युत का ऐक्शन पैक्ड अवतार देखने को मिलने वाला है यानी विद्युत जामवाल के रूप में बच्चों को इंडियन टार्जन देखने को मिलेगा।



फिल्म के लीड स्टार्स काफी ग्लैमरस लुक में दिखे। इस मौके पर विद्युत जामवाल के साथ दोनों लीड ऐक्ट्रेस पूजा सावंत और आशा भट्ट भी नजर आईं। बता दें कि इस फिल्म से पूजा और आशा दोनों बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। आशा पहली भारतीय मॉडल हैं जो मिस सुपरनैचरल 2014 का खिताब जीत चुकी हैं। इस फिल्म में पूजा शंकरा के किरदार में नजर आएंगी।

हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज़ किया गया, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं और अब उन्हें फिल्म रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार है। पहले यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज़ होनेवाली थी, लेकिन अब इसे एक सप्ताह पहले 29 मार्च को रिलीज़ की जा रही है।

## प्रेग्नेंसी के दौरान म्यूजिक सुनने से मजूबत होता है बच्चों का ऑडिटरी सिस्टम सुनने की क्षमता

प्रेग्नेंसी के दौरान म्यूजिक सुनने से होने वाले बच्चे का ऑडिटरी सिस्टम (सुनने की क्षमता) मजबूत होता है, यह बात एक स्टडी में सामने आई है। प्लस वन जर्नल में छपी इस रिसर्च में यह पता करने की कोशिश की गई कि गर्भावस्था के दौरान संगीत सुनने से भ्रूण पर कुछ असर पड़ता है या नहीं। स्टडी के बाद रिसर्च से यह नतीजा सामने आया कि पैदा होने से पहले अगर भ्रूण को संगीत सुनाई दे तो ये लंबे वक्त तक बच्चे की यादाश्त में रहता है।



स्टडी में गर्भवती महिलाओं को लर्निंग ग्रूप में आखिरी के तीन महीनों में हर हफ्ते पांच बार ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार सुनवाया गया। वहीं दूसरे ग्रूप में कोई म्यूजिक नहीं सुनाया गया।

शोधकर्ताओं ने पैदा होने के तुरंत बाद न्यूबॉर्न बेबीज की स्किन से उनकी ब्रेन ऐक्टिविटीज को नापा फिर चार महीने बाद ऐसा फिर किया।

बच्चों ने ओरिजनल गाना सुना साथ में बदला हुआ गाना सुना। शोधकर्ताओं ने पाया कि ओरिजनल गाने के लिए बच्चों के ग्रूप की ब्रेन ऐक्टिविटी ज्यादा थी। यह इफेक्ट चार महीने तक रहा।